दैनिक

प्रातः कालीन

भारत सरकार से रजिस्टर्ड

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करें:9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

वर्ष :- 03 अंक :- 161 मुरादाबाद, 30 September 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

संक्षिप्त समाचार

डिप्टी सीएम ने अखिलेश पर कसा तंज, बोले- 300 से ज्यादा सीटें जीतेगी भाजपा

मेरठ पहुंचे डिप्टी सीएम ने अखिलेश यादव पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 300 से ज्यादा सीटें जीतेगी। इस दौरान उन्होंने गठबंधन को लेकर यह बड़ी बात कही।मेरठ पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में सभी 80 लोकसभा सीट जीतने के साथ ही पूरे देश में में 300 से अधिक सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि हर वर्ग भाजपा के साथ है। डिप्टी सीएम ने कहा कि जिसे कांग्रेस ने रोके रखा था, अब उस महिला विधेयक को पास कर भाजपा ने महिलाओं को उनका हक दिया है। कहा कि मध्य प्रदेश चुनाव में भाजपा जीत की ओर है और विपक्षियों की जमानत जब्त होगी। बता दें कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को नगर निगम के पार्षदों के प्रशिक्षण में शिरकत करने आए थे। इस दौरान उन्होंने बाईपास स्थित एक होटल में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ये सब बातें कहीं। उन्होंने कहा कि भगवान राम के अस्तित्व को न मानने वाले अब अयोध्या में मत्था टेकने जा रहे हैं। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर तंज कसते हुए अखिलेश यादव को निशाने कर लिया। उन्होंने कहा कि पीडीए, डीडीए कुछ नहीं चलेगा। कांग्रेस के महिला आरक्षण के सवाल पर कहा कि कांग्रेस जितने चाहे उतना प्रत्याशियों को टिकट दे। लेकिन जीत तो भाजपा की ही होगी।इसके बाद केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई में भाजपा बड़ी जीत दर्ज करने जा रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

महिला आरक्षण: राष्ट्रपति मुर्मू की मंजूरी से नारी शक्ति वंदन अधिनियम बना कानून; इन दो बिंदुओं पर फंसा है पेंच

नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने के बाद लोकसभा की 543 सीटों में से 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यह आरक्षण 15 साल तक रहेगा। इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है। महिला आरक्षण बिल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं। जिसके बाद अब यह विधेयक कानून बन गया है। भारत सरकार ने इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी की है। बता दें कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक को गुरुवार को उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के हस्ताक्षर के बाद राष्ट्रपति के पास उनके अनुमोदन के लिए भेजा गया था। इसी महीने की शुरुआत में संसद के विशेष सत्र के दौरान संविधान संशोधन विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया था। इसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से जाना जाएगा।इस विधेयक के जरिये लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। हालांकि, महिलाओं को इसका लाभ जनगणना और परिसीमन (लोकसभा और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण) की प्रक्रिया के बाद ही मिलेगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने के बाद लोकसभा की 543 सीटों में से 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यह आरक्षण 15 साल तक रहेगा। इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है। आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषद दायरे में नहीं आएंगी।

लोकसभा और राज्यसभा में इस दिन हुआ था पारित

महिला आरक्षण से संबंधित 128वां संविधान संशोधन विधेयक 21 सितंबर को राज्यसभा में पारित किया गया था। बिल के पक्ष में 214 वोट पड़े, जबकि किसी ने भी बिल के खिलाफ वोट नहीं डाला था। इससे पहले 20 सितंबर को विधेयक को लोकसभा से मंजूरी मिल गई थी। लोकसभा ने भी इस बिल को दो तिहाई बहुमत के साथ पास किया था। इसके पक्ष में 454 और विरोध में दो वोट पड़े थे।

अमल में लाने के लिए पूरी करनी होंगी ये शर्तें

राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून भी बन गया है, लेकिन इसको अमल में लाने से पहले दो शर्तों को पूरा करना होगा। ये शर्तें जनगणना और परिसीमन की हैं जिन्हें पूरा करने में कई साल लग सकते हैं। नारी शक्ति वंदन कानून के प्रभावी होने की दो शर्तें रखी गईं हैं। इसके मुताबिक महिला आरक्षण कानून आगामी जनगणना के बाद लागू होगा। कानून बनने के बाद होने वाली जनगणना के बाद आरक्षण लागू करने के लिए नए सिरे से परिसीमन होगा। परिसीमन के आधार पर ही महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित की जाएंगी।

विपक्षी गठबंधन में मतभेद की संभावनाओं पर शरद पवार का बड़ा बयान, बोले- सावधानी बरतना बेहद जरूरी

राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा कि वह मुंबई वापस जाने के बाद कांग्रेस और अन्य पार्टियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें आने वाले चुनावों में विवाद न होने के लिए सावधानी बरतने पर बात की जाएगी। राकांपा प्रमुख शरद पवार बारामति में मीडिया से बातचीत करते हुए आने वाले दिनों में इंडिया गठबंधन की पार्टियों के बीच मतभेद होने की संभावनाओं पर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा भविष्य में इंडिया गठबंधन में किसी प्रकार का कोई विवाद न हो इस पर सावधानी बरता जाएगा। दरअसल, कुछ महीनों में राजस्थान और मध्य प्रदेश में चुनाव होने वाला है, ऐसे में इंडिया गठबंधन पार्टियों के बीच कोई विवाद न हो इसके लिए अभी से सावधानी बरतना जरूरी है। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव चुनाव में मोदी सरकार को हराने के लिए दो दर्ज से भी ज्यादा विपक्षी पार्टी इंडिया गटबंधन में शामिल हुई है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के कुछ सीटों पर अपना दावा करने के बाद हुए मतभेद पर सवाल पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा, जब चुनाव नजदीक आता है तो, उस दौरान मतभेद की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। हम गठबंधन में तटस्थ नेताओं को भेजकर इस मुद्दे को सुलझाएंगे।% राकांपा प्रमुख ने आगे कहा कि कुछ ही महीनों में चार से पांच राज्यों में चुनाव होने वाला है, जो कि उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन पहले यह देखेगा कि राजस्थान और मध्य प्रदेश में कैसे सभी पार्टियां एक साथ आती है। मुंबई वापस जाने के बाद मैं कांग्रेस और अन्य पार्टियों के साथ बैठक करूंगा, जिसमें हम आने वाले चुनावों में विवाद न होने के लिए सावधानी बरतेंगें। शरद पवार ने बताया वह यह सब आठ से दस दिनों में करने वाले हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाला है।

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी बोले- उत्तरी अमेरिका में बढ़े 40-50% दाम, भारत में 5% की आई कमी

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने उम्मीद जताई कि तेल की कीमतो में लगाम लगेगी। उन्होंने यह भी सवाल किया कि पश्चिम बंगाल जैसे गैर-भाजपा शासित राज्य में भाजपा शासित राज्यों की तुलना में पेट्रोल की कीमत 11.80 रुपये ज्यादा है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ी हैं। उत्तरी अमेरिका में इसकी कीमत में 40 से 50 फीसदी तक की बढ़ोत्तरी देखने को मिली, जबकि भारत में पांच फीसदी तक की गिरावट आई है। उन्होंने आगे कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक कदमों की वजह हो पाया है। पुरी ने कहा कि कि इस समय तेल की बढ़ी कीमतें न केवल रिकवरी को खतरे में डाल रही हैं, बल्कि वास्तव में अन्य गंभीर समस्याओं में योगदान दे रही हैं। पुरी ने कहा, मुझे उम्मीद है तेल की कीमतों पर लगाम लगेगी। ऐसा क्यों है कि पश्चिम बंगाल जैसे गैर-भाजपा शासित राज्य में भाजपा शासित राज्यों की तुलना में पेट्रोल की कीमत 11.80 रुपये ज्यादा है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 118वें वार्षिक सत्र राइजिंग इंडिया- अभूतपूर्व विकास का अमृत काल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, कृषि क्षेत्र को देखिए... हमने देखा है कि भारत को शुद्ध खाद्य आयातक के रूप में पेश किया जाता था। आज, हम दुनिया का 40 फीसदी चावल निर्यात करते हैं। हम एक मामूली खिलाड़ी से एक प्रमुख खिलाड़ी बन गए हैं। ऐसा कुछ समझदारी भरे नीतिगत बदलावों की वजह से हुआ है। पराली जलाने के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, पहले वे (आम आदमी पार्टी) पड़ोसी राज्य सरकारों को दोष देते थे लेकिन अब पंजाब में उनकी सरकार है।उन्होंने आगे कहा, हम अपने तरीके से मदद कर रहे हैं। हम पराली से एथनॉल बना रहे हैं। कांग्रेस नेता सुखपाल सिंह खैरा की ड्रग्स मामले में गिरफ्तारी पर पुरी ने कहा, यह आप और कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान है। पंजाब में इंडिया गठबंधन टूट रहा है।

उत्तर प्रदेश के 62 जिलों को सीधा लाभ पहुंचाएगी योगी सरकार, परियोजना के लिए जारी हुए 244 करोड़ रुपए

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही योगी सरकार ने लोगों को सुरक्षित पेयजल पहुंचाने व सिंचाई से जुड़ी परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए वृहद स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए हैं। सीएम की मंशा के अनुरूप प्रदेश में जलशोधन व सिंचाई से जुड़ी परियोजनाओं के लंबित कार्यों को पूर्ण करने के लिए सिंचाई व जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही योगी सरकार ने लोगों को सुरक्षित पेयजल पहुंचाने व सिंचाई से जुड़ी परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए वृहद स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप, प्रदेश में जलशोधन व सिंचाई से जुड़ी परियोजनाओं के लंबित कार्यों को पूर्ण करने के लिए सिंचाई व जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों को एक विस्तृत कार्ययोजना की शक्ल दी गई है, जिसके क्रियान्वयन के लिए सिंचाई व जल संसाधन विभाग ने कई स्तरों पर प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में प्रदेश के 62 जिलों में 2100 नलकूप निर्माण परियोजना के लंबित कार्यों को गति देने के लिए वर्ष 2023-24 में तीसरी किस्त के तौर पर 244.19 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। अनुमानित लागत 841.98 करोड़ रुपए- उल्लेखनीय है कि इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 841.98 करोड़ रुपए है और नाबार्ड पोषित इस परियोजना के अंतर्गत 410 करोड़ रुपए की प्रावधानित राशि में से तीसरी किस्त के तौर पर मौजूदा धन आवंटन को वित्तीय स्वीकृति के बाद जारी कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, बांदा, सुल्तानपुर, जौनपुर, मेरठ व भदोही समेत प्रदेश के कई क्षेत्रों में नलकूपों के आधुनिकीकरण के लिए 7.16 करोड़ रुपए खर्च कर मरम्मत कार्यों में तेजी लाने की प्रक्रिया को लेकर भी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

इन जिलों में होगा नलकूपों का आधुनिकीकरण

प्रदेश में दक्षिण परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तमाम जिलों में 100 से अधिक राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण व जर्जर विद्युत उपकरणों की प्रतिस्थापना के मद में सिंचाई व जल संसाधन विभाग बड़ा कदम उठाने जा रही है। परियोजना के लिए 2.99 करोड़ रुपए की धनराशि प्राविधानित है, जिसमें से पहली किस्त के तौर पर 1.49 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। इससे परियोजना के तहत लंबित कार्यों की पूर्ति में मदद मिलेगी।

इनके लिए भी जारी हुई राशि

इसी प्रकार, बांदा में 137, सुल्तानपुर सदर क्षेत्र में 50, जौनपुर के शाहगंज विधानसभा क्षेत्र में 22, मेरठ के नलकूप खंड पूर्व के अंतर्गत 80 राजकीय नलकूप व 14 पंप सेटों की प्रतिस्थापना व भदोही में 69 अदद राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण एक करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी है। इस प्रकार, दक्षिण परिक्षेत्र समेत 5 जिलों में नलकूप के जल वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण व जर्जर विद्युत उपकरणों की प्रतिस्थापना के मद में कुल 7.16 करोड़ रुपए पहली किस्त के तौर पर जारी किया गया है।

बुलंदशहर में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू, समस्याओं का समाधान करने में असफल सरकार

बुलंदशहर में भारतीय किसान यूनियन ने किसानों की समस्याओं को लेकर अनिश्चितकाली धरना शुरू किया है। यह धरना भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अरब सिंह के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। किसान कलेक्ट्रेट के अंदर घुसकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। धरना भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अरब सिंह के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। किसान कलेक्ट्रेट के अंदर घुसकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार पहले ही किसानों ने ज्ञापन सौंपकर प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी दी थी। यह धरना प्रदर्शन ट्यूबवेलों के बिजली बिल माफ करने, मीटर न लगाने और किसानों के बकाया का भुगतान करने की मांग को लेकर किया जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारियों का आरोप है

कि कई बार प्रदर्शन के बाद भी सरकार समस्या का समाधान नहीं कर रही है।

संपादकीय Editorial

Football on stage

In June 2021, just before the start of the European Championships, England manager Gareth Southgate wrote a letter addressed to English football fans across the country. It highlighted the importance of football in society, the nature of support for the England team, the role of social media, as well as the rejection of racism in sport and beyond. It was a thoughtful letter from the football manager who led England to fourth place at the 2018 World Cup, the final of Euro 2020 and the quarter-finals of the 2022 World Cup.The address has now become the title of a play by James Graham, who has Success, since This House, has explored political issues on stage. Dear England, directed by Rupert Goold, looks at the changes in and around the England national team since Southgate took over. Through some inventive stage design, including video and sound effects, the show reflects the cultural changes initiated by Southgate. Joseph Fiennes (pictured), who resembles Southgate on stage, plays the England manager. His gentle proclamations and reflective monologues convey the nuances of what Graham has called a "gentle revolution."

The drama follows an arc from Southgate's missed penalty at Euro 96 to England's failures to win penalty-shootouts (to the England–Colombia match at the 2018 World Cup) to the women's national team's briefly mentioned success at the 2022 European Championship. Portrays. Southgate's desire to adapt to the national team culture he inherited, the introduction of a sports psychologist (played by Gina McKee), the reshaping of relationships between players, the difficult apprenticeship of learning to lose – all these elements as The drama is imagined, featuring at the center of the narrative.

Ultimately, it explores the formation of national identity and the role played by football in this process. Southgate's tenure coincides with the Brexit moment, which adds another dimension, comically embodied by caricatures of recent prime ministers from Theresa May to Boris Johnson. But how well does football fare on a theater stage? What can theater bring to the understanding of the relationship between sport and nation? Graham is not the first playwright to transfer a football stadium to the stage. Although it is often easier to represent supporters and address football-related issues through scrutiny of fans, many plays have tried to focus on teams and players, such as Patrick Marber's The Red Lion, a non- -About League Football Club. Plays about football focus on the issues that are brought to life by football rather than the nature of the game itself. Although Dear England involves a penalty shoot-out, it remains in the internal world of the changing room. The drama lies not so much in the epic dimension of the game as in the passion for fashion football and its supporters. In the playwright's words, Marber's play was about belonging and loneliness. Dermot Bolger's two plays about the Irish football team, In High Germany and The Parting Glass, reflect the changing definitions of the nation through support for the national football team. Roy Williams's Sing Yer Heart Out for the Lads explored the workings of general racism. Similarly, by staging Bukayo Saka's penalty miss in the Euro 2020 final, Dear touches on the racist attitudes still prevalent in England football, but prefers to spend more time examining the changes in cultures of masculinity enforced by Southgate. Although many great players, from tennis player Bill Tilden to footballer Eric Cantona, have sought careers on the stage after leaving sports, the power of drama enables us to look beyond sports to the issues that define society. We do. What games are there?

Rape of minor in Ujjain: What is even more criminal is the insensitivity of the society

The painful story of the minor victim of Ujjain that is coming out is shocking. After being brutally raped in the night, a frightened 15-year-old girl comes staggering at 6 in the morning. A brute brutally rapes her at night and runs away, leaving her in a miserable condition. The story of brutal rape of a minor in Ujjain, the city of Mahakal and then the girl's wandering from door to door for help, is a hair-raising one. Politics has also started regarding this, because this disturbing incident has happened before the elections. Here, the opposition is alleging that the honor of women in Madhya Pradesh is at stake, while the ruling party is talking about hanging the culprit. The police is investigating the matter and has also arrested a suspected auto driver. This incident is shameful - Why and how this incident happened will be revealed soon, but the most worrying thing is that why do common people now avoid any victim in such cases instead of coming forward to help them? Why don't they consider it necessary to do even one tenth of the amount of enthusiasm they show in making videos of such inhuman incidents to provide timely relief to the victim or to call the police? And also that if humanity dies from society then what is the meaning of existence of that society? This does not mean that making a video of the incident is a crime. Many times such videos prove helpful to the police in their investigation. But what is the demand of humanity? Making a video of the pain or giving all possible help to the suffering person as per human sensibilities? To protect a victim from rape as much as possible or to take unfair advantage of her helplessness or to remain silent after seeing it happening? This deliberate silence and indifference is a bigger social and moral crime than rape. The painful story of the minor victim of Ujjain that is coming out is shocking. After being brutally raped in the night, a frightened 15-year-old girl comes staggering at 6 in the morning. A brute brutally rapes her at night and runs away, leaving her in a miserable condition. The minor does not even have enough clothes to cover his modesty. Bleeding from the lower part of the body. The crying minor walked for about three hours and covered a distance of 8 kilometers. It passes through more than five hundred houses, two dhabas and a toll booth in two colonies of the city. Knocks on the doors of many houses for help. Some people see him in this shameful condition, but the thought of helping him does not even come to their mind. There might be someone, after thinking about it, they move ahead or even close the half-opened doors of the house. Eventually a kind-hearted employee of an ashram gives him shelter and informs the police. This cruel story that shocks the mind is not only about Ujjain, it is about almost every city. Three months ago, in a narrow street of a dense colony of the country's capital Delhi, a minor was publicly stabbed to death by her lover. People come and go after seeing the murder of that girl, as if a street play is taking place. There is not even a wrinkle on anyone's forehead. Similarly, some people die in accidents on the road. But the passers-by keep watching like spectators or the crowd standing nearby considers themselves blessed to make a video of that 'unique scene' and post it on social media. No one takes the trouble to take the injured to the hospital or save his life in any way, nor does anyone try to inform the dead person's family and the police. Do. Insensitive society and viewpoint: It is indeed a matter of deep regret and introspection of the society that despite being civilized, prosperous and knowledgeable, we are forgetting the basic principles of humanity. This insensitivity of the society is more dangerous than the insensitivity of the police. Today we have completely left the responsibility of maintaining law and order to the police and judicial system. Everyone is probably thinking that the accident, rape, brutality and torture that has happened to someone else will not happen to themselves. So what do I have to do? It will be seen when it is over. For now, live your life peacefully. Whatever happened, with whom it happened and whatever happened, they will read in the newspaper the next day or some social media person will post its video on his WhatsApp group to increase clicks. The devilish pleasure one gets from watching a video of someone's torture while sitting at home or lying on the bed and forwarding it to others is different. Most of us have become psychopaths of this demonic pleasure. No one will ask the viewers of these videos that instead of winning the gold medal for making the video and posting it first, why does that person not have the conscience to help the victim in time? Even if one is awake, why doesn't it translate into action? The big question is why do people show so much indifference towards the victims of accidents like this? Is it because none of the victims is his acquaintance or relative? Or his feelings are only for certain people. As a human being, his sensibilities remain locked in the locker of indifference. In this regard, psychologists say that this behavior of the society is 'bystander effect'. This theory was founded by social psychologists Bibb Laten and John Darley in 1964 following the infamous murder of Kitty Genovese in New York City, USA. Genovese was stabbed to death outside his apartment. She was lying outside her house when the killer stabbed her again.Returned to kill. The neighbors who witnessed the crime did not come to his aid. The murder inspired Latane and Darley to begin a series of experiments where they measured how long it took participants—who were alone or aware of the presence of others—to intervene in an emergency. From his study he concluded that being in a crowd leads to a 'diffusion of responsibility' for the individual. In such a situation, no one considers it their responsibility to help, hence no one comes forward to help. On the contrary, when you are alone, the responsibility of helping is yours alone. Therefore this situation motivates the person to help the victims. Otherwise everyone thinks, what does it concern me? According to psychologists, the second reason for this indifference is the decreasing sympathy in the face of progress in our society. Today everyone is in a blind race, and for him, his own agenda is more important than the need for someone's help. This self-absorbed selfishness is on display everywhere. When there is a lack of connection among people, social attachment and responsibility decreases. You become a spectator and watch the incident happening, but do not consider it necessary to help anyone in the accident. Another major reason behind this mentality is the fear of police harassment. Usually, a question arises in the mind of the person present as a spectator of the accident that by helping the victim, will I get into some trouble? However, following the direction of the Supreme Court, the Center has made rules to protect good people from getting harassed in such cases. But most of them are not aware of it and even if they are, they want to avoid getting into any trouble, whereas helping the victim is both human and national service. But we have both lack and ignorance of this positive thinking.

Fair share of gender justice

Like every year, this year also International Women's Day was celebrated on 8 March. It would be recalled that an article on the subject of status of women and related issues had earlier appeared in this column on 9 and 16 January 2020. Given the importance of the subject, and also in view of the passage into law by Parliament of the Women's Reservation Bill 2023 on September 21, 2023, it was felt that the subject should be revisited. Although women constitute half of the world's population, they still face discrimination in many areas such as the workplace, health care and education, in addition to facing challenges such as physical and sexual violence. They are also underrepresented in most decision-making bodies and in positions of economic power, and they earn less than men for similar work. In many countries of the world, girls are more likely to be out of school than boys. The status of women is a term that describes their position, both in absolute terms and also relative to men. Empowerment is a related term, which focuses on the degree of control women have over their own lives, the environment, and the lives of those in their care, such as their children. The status of women around the world has been a topic of serious discussion for many years. It covers various burning issues related to women, such as women's education, maternal health, economic and social empowerment of women and the role of women in family, community, politics and nation building. Around the world, various social norms, in one form or another, deny women the right to education, health services, economic opportunities and political participation. Gender inequality hinders the progress of environmental sustainability, financial sustainability, global health and human rights and is the primary cause of hunger and poverty. The main policy-making body on issues related to the status and empowerment of women for the entire world, the Commission on the Status of Women (CSW), which devotes itself exclusively to the advancement of gender equality and women's interests. As part of the United Nations Organization (UNO), it works to promote the political, economic, civil, social and educational rights of women. The status of women is a term that describes their position, in absolute In terms of appearance and also relative to men. Empowerment is a related term, which focuses on the degree of control women have over their own lives, the environment, and the lives of those in their care, such as their children. The status of women around the world has been a topic of serious discussion for many years. It covers various burning issues related to women, such as women's education, maternal health, economic and social empowerment of women and the role of women in family, community, politics and nation building. Around the world, various social norms, in one form or another, deny women the right to education, health services, economic opportunities and political participation. Gender inequality hinders the progress of environmental sustainability, financial sustainability, global health and human rights and is the primary cause of hunger and poverty. The main policy-making body on issues related to the status and empowerment of women for the entire world, the Commission on the Status of Women (CSW), which devotes itself exclusively to the advancement of gender equality and women's interests. As part of the United Nations Organization (UNO), it works to promote the political, economic, civil, social and educational rights of women. The phenomenon of gender inequality, depriving women of their rightful place in the home and society Apart from doing so, it has adverse effects overall and, in the long run, may impact matters such as environmental sustainability, financial stability, global health and human rights. And become the primary cause of hunger and poverty. Despite many visionary and aggressive steps taken in many countries of the world over the past several decades, no country can yet claim to have achieved substantial and effective gender equality. Many challenges remain for women in the new millennium. Any visible change is possible only if political commitment is achieved and adequate legal and policy frameworks are put in place to provide equal opportunities to women and men. Recognizing the fact that gender equality is in the interests of men as well as women and is a prerequisite for genuine democracy.

रजनी सक्सेना बनीं कायस्थ महासभा की महानगर अध्यक्ष

मुरादाबाद - महिला प्रकोष्ठ की महानगर अध्यक्ष बनने पर रजनी सक्सेना को नियुक्ति पत्र देते अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना व अन्य पदाधिकारी। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से रजनी सक्सेना को महिला प्रकोष्ठ की महानगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके आवास पर रजनी के आवास पर जाकर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना आदि ने नियुक्ति पत्र दिया। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि महासभा का निरंतर विस्तार हो रहा है। जो पदाधिकारी सक्रिय नहीं हैं उनको पद से हटा कर नई नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि दो अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई जाएगी। दीपावली के बाद चित्रगुप्त जयंती भी धूमधाम से मनेगी। इस दौरान नीतू सक्सेना, दीपक सक्सेना, मेजर सुदेश भटनागर, अनिल सक्सेना, रजनी सक्सेना, मोनू भटनागर, नीता भटनागर आदि उपस्थित रहे।

अधिवक्ता भूपसिंह के निधन पर जताया शोक

मुरादाबाद। दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता भूप सिंह सैनी के निधन पर शोक जताया गया। एसोसिएशन भवन में शोकसभा में अधिवक्ताओं ने कहा कि भूप सिंह सैनी के निधन से अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन पर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। शोकसभा की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना और संचालन संयुक्त सचिव विनीत भटनागर ने किया। शोक जताने वालों में कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य सुरेश चंद्र गुप्ता, सुनील सक्सेना, पारूल अग्रवाल, राम मोहन श्रीवास्तव, परमाल सिंह, अभिषेक भटनागर, प्रभात गोयल, अनिल भारती, अंजार हुसैन आदि शामिल रहे।

युवती का अश्लील वीडियो बनाया, वायरल करने की धमकी देकर किया दुष्कर्म, अब लगातार कर रहा ब्लैकमेल

मुरादाबाद-पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी बीच उसने मोबाइल से वीडियो भी बना ली थी। इसे वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक और आर्थिक शोषण भी किया। सिविल लाइंस क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने युवक पर दुष्कर्म करने और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। 23 वर्षीय पीड़ित युवती ने बताया कि सिविल लाइंस के चक्कर की मिलक निवासी सलीम (27) ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया था। आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान आरोपी ने मोबाइल से वीडियो भी बना ली थी। इस वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ने उसका शारीरिक और आर्थिक शोषण किया। युवती गर्भवती हुई तो आरोपी ने जबरन उसका गर्भपात करा दिया। आरोप है कि सलीम ने उसे धमकी दी है कि वह उसकी हत्या कर देगा। पुलिस कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

किशोरी से छेड़खानी, आरोपी गिरफ्तार

गजरौला बाजार से समान खरीद कर घर लौट रही किशोरी से युवक ने छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। जातिसूचक शब्द कहे। किशोरी के पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला नगर के एक मोहल्ले का है। मोहल्ले की 13 वर्षीय किशोरी बुधवार की शाम साप्ताहिक बुध बाजार से खरीदारी करने गई थी। वह बाजार से खरीदारी कर घर से लौट रही थी। आरोप है कि मोहल्ले का युवक उसका पीछा करने लगा। जिसका विरोध करने पर उसके साथ गाली गलौज की। जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। जबरदस्ती फोन नंबर देने लगा। घर पहुंची किशोरी ने परिजनों को आप बीती सुनाई। परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी युवक विकास के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। न्यायालय में पेश किया जाएगा।

थाने से आरोपी को छुड़ाने के लिए बन गए पुलिस, आरोपी के परिवार से वसूले 80 हजार, एक आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद-पुलिस ने चोरी करने के आरोप में एक युवक को पकड़ा था। इस बीच दो लोगों ने उसके परिजनों से पुलिस बनकर उसे छुड़ाने के लिए 80 हजार रुपये वसूल कर लिए थे। जब आरोपी को जेल भेजा गया तो परिजनों ने हंगामा कर दिया। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। भोजपुर थाने से चोरी के आरोपी को छुड़ाने के नाम पर उसके परिवार से दो युवकों ने 80 हजार रुपये वसूल लिए। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजवा तो परिजनों ने हंगामा कर दिया। पुलिस ने 80 हजार रुपये वसूलने वाले दोनों युवकों पर केस दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया है। भोजपुर थाना क्षेत्र के धर्मपुर आगा निवासी अलीहसन उर्फ भूरा की तहरीर पर पुलिस ने भगतपुर के कोटा नगला गांव निवासी कासिम और भोजपुर के पीपलसाना निवासी मोहम्मद मोहसिन उर्फ मुन्ना के खिलाफ केस दर्ज किया है। जिसमें उसने बताया कि उसके भाई राजा बाबू को पुलिस चोरी के शक में पूछताछ के लिए थाने ले गई थी।पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया था। इसके बाद मोहसिन और शकील ने उसे कॉल कर बताया कि हमने तुम्हारे भाई को थाने से छुड़वा दिया है। आरोप है कि उन्होंने धमकी दी कि यदि 80 हजार रुपये नहीं दिए तो जान से मार देंगे। अली हसन का कहना है कि पुलिस डर दिखाकर 21 सितंबर की रात करीब 8:30 बजे आरोपी मोहम्मद मोहसिन उर्फ मुन्ना उसके घर आया और 80 हजार रुपये लेकर चला गया लेकिन बुधवार को भोजपुर पुलिस ने आरोपी राजा बाबू को चोरी के मामले में जेल भेज दिया। अली हसन और उसके परिवार ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की कि वह तो 80 हजार रुपये दे चुके हैं। फिर उसके राज बाबू को जेल क्यों भेजा गया है। एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी कासिम और मोहम्मद मोहसिन उर्फ मुन्ना के खिलाफ रंगदारी मांगने और धमकी देने का केस दर्ज किया गया है। एक आरोपी मोहम्मद मोहसिन उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार करने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

नगर निगम के सामने एजेंसी से 5 करोड़ जुर्माना वसूलने की चुनौती, 2 लाख घरों व प्रतिष्ठानों में लग रहा स्मार्ट मीटर

मुरादाबाद-महानगर में सुचारू जलापूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ कर पानी की बर्बादी रोकने के लिए स्मार्ट सिटी मिशन की परियोजना में दो चरण में 12 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से कार्य चल रहा है। इस कार्य से जितना पानी खर्च होगा उसकी बिलिंग कर जलकल विभाग की ओर से वसूला जाएगा। लेकिन, जलापूर्ति के लिए बिछाई गई पाइपलाइन में रोड कटिंग कर छोड़ने वाली एजेंसी से 5 करोड़ वसूलने में गंभीरता नहीं है।नगर निगम की बोर्ड बैठक में इस बार 2 लाख से अधिक घरों व प्रतिष्ठानों में लग रहे स्मार्ट मीटर के माध्यम से जलकर वसूली पर जोर देकर निगम की आय बढ़ाने का बजट स्वीकृत किया गया है। लेकिन, स्कॉडा परियोजना में पानी की बर्बादी रोकने की पहल प्रथम चरण में 10.78 करोड़ और दूसरे चरण में 1.97 करोड़ रुपये से हुई है। लेकिन, जलापूर्ति कनेक्शन देने के लिए पाइपलाइन बिछाने के लिए जलनिगम की ओर से कराए गए कार्य में कार्यदायी संस्था के द्वारा रोड कटिंग कर मरम्मत न करने के चलते 5 करोड़ रुपये जुर्माने के रूप में लगा था। लेकिन, निगम प्रशासन इसे एक साल में भी वसूल नहीं पाया। पिछले वित्तीय वर्ष में केवल 91,000 रुपये वसूले गए। ब्याज मिलाकर 5 करोड़ रुपये वसूलने की चुनौती बरकरार है। नगर आयुक्त संजय चौहान का कहना है कि स्मार्ट सिटी मिशन की ओर से स्कॉडा के तहत दो चरण में महानगर के 2 लाख से अधिक घरों व प्रतिष्ठानों में अब तक पेयजल कनेक्शन दिया जा चुका है। स्मार्ट मीटर लग रहे हैं। इससे पानी की बर्बादी रुकेगी।

2 लाख घरों व प्रतिष्ठानों में लग रहा स्मार्ट मीटर

जलापूर्ति व्यवस्था सुधार कर पानी की खपत के अनुसार बिलिंग कर जलकर वसूली बढ़ाने के लिए महानगर के 70 वार्डों में 2 लाख से अधिक घरों व प्रतिष्ठानों में मीटर लग रहा है। इसके कनेक्शन देने में खर्च को भी उपभोक्ताओं से लिया जा रहा है। लेकिन, रोड कटिंग करने वाली एजेंसी पर सख्ती करने को ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। इस वित्तीय वर्ष में 33 लाख रुपये जल मूल्य वसूल कर निगम की आय बढ़ाने का पक्ष भी बजट में रखा गया है। जिसे निगम बोर्ड से सर्वसम्मति से मंजूरी मिल चुकी है।

इंस्पेक्टर उषा मलिक को कोतवाली का प्रभार, मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद एसएसपी ने दिए आदेश

मुरादाबाद-एसएसपी ने कोतवाली प्रभारी रहे मनीष सक्सेना को कोतवाली से हटाकर अपराध शाखा में भेज दिया। उनकी जगह बिलारी में एक साल से तैनात रहीं इंस्पेक्टर उषा मलिक को नया प्रभारी बनाया है। मूलरूप से बागपत निवासी उषा मलिक 2005 बैच की सब इंस्पेक्टर हैं। एसएसपी हेमराज मीना ने महिला इंस्पेक्टर उषा मलिक को नगर कोतवाली का नया प्रभारी बनाया है। अब तक वह बिलारी थाने में क्राइम इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थीं। तीन दिन पहले वर्चुअल बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जनपदों के पुलिस कप्तानों को निर्देश दिए थे कि महिला थाने के अलावा एक अन्य थाने की प्रभारी भी महिला इंस्पेक्टर बनाई जाएं। एसएसपी ने बृहस्पतिवार रात कोतवाली प्रभारी रहे मनीष सक्सेना को कोतवाली से हटाकर अपराध शाखा में भेज दिया। उनकी जगह बिलारी में एक साल से तैनात रहीं इंस्पेक्टर उषा मलिक को कोतवाली का नया प्रभारी बना दिया। मूलरूप से बागपत निवासी उषा मलिक 2005 बैच की सब इंस्पेक्टर हैं। इसके बाद वह 2018 में पदोन्नत होकर इंस्पेक्टर बन गई थीं। उषा मलिक का कहना है कि क्राइम कंट्रोल करना और महिला अपराध पर त्वरित कार्रवाई करना उनकी प्राथमिकता रहेगा। इससे पहले जिले में पाकबड़ा थाने में इंस्पेक्टर रजनी द्विवेदी करीब एक साल तक प्रभारी रह चुकी हैं। वर्तमान में महिला थाने की प्रभारी दीपा त्यागी हैं। जनपद के बीस थानों में से दो थानों में अब महिला इंस्पेक्टरों के हाथ में कमान दी गई है। इसके पीछे मुख्यमंत्री की मंशा है कि महिला अपराध के मामले में तुरंत कार्रवाई की जाए। जिससे पीड़िता की समस्याओं को सुना जा सके।

ट्रेनी डीएसपी से साइबर ठगों ने दो लाख ठगे

मुरादाबाद-ट्रेनी डीएसपी ऐश्वर्या उपाध्याय डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण ले रही हैं। उन्होंने सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 सितंबर को उनका एक कोरियर प्रोफेशनल कोरियर सर्विस से आना था लेकिन, समय पर कोरियर नहीं पहुंचा। इसके बाद उन्होंने गूगल से कोरियर कंपनी का नंबर सर्च किया। तब कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने ऐश्वर्या उपाध्याय को बताया कि पूरा पता नहीं होने के कारण कोरियर डिलीवरी होल्ड कर दी गई है। इसी दौरान आरोपी एक ईमेल आईडी से एक टेक्स्ट मैसेज भेजकर कुछ लिंक भेजे। इसके बाद मोबाइल पर लिंक को कॉपी कर भेजने के लिए कहा। जिसमें ऐश्वर्या ने मैसेज को फारवर्ड किया। साथ ही एक मोबाइल नंबर से भी कुछ लिंक टेक्स्ट मैसेज पर प्राप्त हुए। जिसमें लिंक के माध्यम से 2 रुपये को यूपीआई के जरिए ट्रांसफर करा लिए। डिप्टी एसपी ने बताया कि इसके बाद उनके खाते से दो बार में 96,355 रुपये और एक बार में 3500 रुपये के अलावा दूसरे बैंक खाते से 95,328 रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर लिए। उनके मोबाइल पर मैसेज आया तो उन्हें साइबर ठगी की जानकारी हुई।

अभी इंतजार, 2025 तक सुदृढ़ होगी बदहाल विद्युत व्यवस्था

मुरादाबाद-रिवैम्प योजना में 400 करोड़ की धनराशि में से 60 करोड़ से होने हैं महानगर में कार्य, जहां-तहां लगे ट्रांसफार्मर होंगे व्यवस्थित महानगर में स्मार्ट सिटी के तहत रिवैम्प योजना में 60 करोड़ रुपये से हो रहे सुदृढ़ीकरण कार्य के पूरा होने को 2025 तक इंतजार करना होगा। इस योजना के कार्य में तेजी लाने के लिए अब विधान परिषद की विद्युत समिति के सभापति ने खुद रुचि ली है। वह बिजली विभाग और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक करेंगे। जिले में रिवैम्प योजना में 400 करोड़ रुपये से बिजली की जर्जर व्यवस्था को सुदृढ़ करने का काम चल रहा है। महानगर में स्मार्ट सिटी परियोजना में 60 करोड़ रुपये से जर्जर व झूलते तारों, खुले में जहां तहां लगे ट्रांसफार्मरों को व्यवस्थित किया जाएगा। लेकिन, यह कार्य 2025 तक पूरा हो पाएगा। समय सीमा से पहले इस काम की प्रगति बढ़ाने में अधिकारियों की सुस्ती देखकर विधान परिषद में विद्युत समिति के सभापति डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने स्मार्ट सिटी और बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक के लिए बुलाया है। उन्होंने महानगर में कार्य को तेजी लाने में पार्षदों से भी रुचि लेकर अपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान कराने में सहयोग करने के लिए कहा है। डॉ. जयपाल सिंह ने बताया कि महानगर में 60 करोड़ रुपये से जर्जर तार, खंभा व ट्रांसफार्मर बदलना, क्षमता वृद्धि का काम होना है। उनका कहना है कि पार्षदों और अधिकारियों के साथ बैठक कर वह महानगर के बिजली व्यवस्था में कमियों के सुधार कराएंगे।

हाईटेंशन लाइन से हो रही पशु और जन हानि रुकेगी

सुचारू बिजली आपूर्ति में बाधक बन रहे लटकते हाईटेंशन लाइटों से जन व पशु हानि रोकने में लापरवाही पर महानगर के कांग्रेस पार्षद नदीम ने भी सभापति का ध्यान खींचा है। स्मार्ट सिटी मिशन के माध्यम से महानगर की बिजली व्यवस्था को सुधारने में मदद की जा रही है। महानगर के जर्जर व झूलते तार, जगह जगह ट्रांसफार्मर को सुव्यवस्थित कराने, तारों का भूमिगतीकरण जल्द होना चाहिए। इसमें जो भी तकनीकी सहयोग होगा दिलाएंगे।-संजय चौहान, नगर आयुक्त

फाल्ट और ट्रिपिंग से बढ़ रही बिजली की समस्या, नागरिक हो रहे परेशान

मुरादाबाद। गर्मी से जहां लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं बिजली भी लोगों को खासा परेशान कर रही है। कभी जर्जर तार बदलने की वजह से आपूर्ति को बंद करना पड़ता है तो कभी फाल्ट के चलते बिजली सप्लाई बंद रहती है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ता है। आशियाना प्रथम में लाइन की मरम्मत की वजह से करीब ढाई घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे उपभोक्ताओं को दिक्कत हुई।

विश्व हृदय दिवस पर जिला अस्पताल में लगा शिविर, 150 मरीजों की जांच कर दिया परामर्श

मुरादाबाद-विश्व हृदय दिवस पर शुक्रवार को जिला अस्पताल में शिविर लगा। इसका उद्घाटन अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डा. संगीता गुप्ता, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुनील दोहरे ने की। शिविर में 150 मरीजों की मधुमेह, रक्तचाप, मानसिक स्वास्थ्य, तंबाकू उत्पादों के प्रयोग से नुकसान आदि की जांचकर मरीजों को स्वस्थ रहने के तरीके बताए गए। शिविर में 150 मरीजों की जांच हुई। जिसमें रक्तचाप, मधुमेह, मानसिक बीमारियों के मरीज शामिल रहे। तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की सलाहकार रीमा यादव, पंकज चौहान, दीप्ति यादव, स्टाफ नर्स आस्था प्रकाश, अर्चना त्यागी और श्रद्धा प्रकाश डेटा एंट्री आपरेटर के अलावा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तारिक अंसारी आदि शामिल रहे।

WWW.KNLSLIVE.COM

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

डीएम प्रेम रंजन सिंह ने सीएमओ कार्यालय का किया सामान्य निरिक्षण , जाना सरकारी योजनाओ का हाल

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिहं दोपहर बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सामान्य निरीक्षंण हेतु पहुंचे ! उन्होने आज मनाया जाने वाला विश्व ह्रदय दिवस एवं संचारी रोग अभियान तथा सेवा पखवाडा के कार्यक्रम के मद्देनजर सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रिपाठी से जानकारी ली ! डीएम प्रेमरंजन सिहं ने सीएमओ कार्यालय में साफ-सफाई को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश त्रिपाठी को दिऐ ! साथ ही सीएमओ कार्यालय में वर्षो से रखी पुरानी फाइलों को गांधी जंयती तक डिस्पोज करने के लिए संबंधित पटल प्रभारी को भी डीएम ने निर्देश दिऐ ! सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने डीएम को बताया कि पुरानी फ़ाइलो को डिस्पोज करने के बाद नई फाइलों के लिए सीएमओ ऑफिस में ही एक स्टोर बनाया जा रहा है ! सामान्य निरीक्षण के दौरान सीएमओ कार्यालय में कुछ कर्मचारियों की डीएम ने प्रशंसा भी की ! जिन्होने अपने दायित्व को ठीक से निभाया और फाइलों को रखरखाब बेहतर तरीके से रखा ! सामान्स निरीक्षण के दौरान लगभग तीस मिनिट तक जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिहं ऑफिस में रहकर सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रपाठी व एसीएमओ डा. राममोहन तिवारी से सरकारी योजनाओ की प्रगति का हाल चाल लेकर चले गऐ ! इस दौरान मीडियाकर्मियों को अनावश्यक ऑफिस में न घुसने के लिऐ कार्यालय के मुख्य दरवाजे को बन्द कर दिया गया था ! सामान्य निरीक्षण के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी जिलाधिकारी को कार्यालय से बाहर तक छोडने आऐ !

लखनऊ विवि: प्रेम प्रसंग और निजी रंजिश को लेकर दो छात्रों में जमकर मारपीट, फूटे सिर, बुलानी पड़ी पुलिस

अक्षय प्रधान एबीवीपी के साथ जुड़ा हुआ है। इस बात की खबर मिलते ही एबीवीपी के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और प्रियांशु मिश्रा को पीटने लगे। प्रियांशु मिश्रा और अक्षय प्रधान दोनों को चोटों आई हैं। लखनऊ विवि में शुक्रवार की दोपहर दो छात्रों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट की वजह स्पष्ट तो नहीं हो पाई लेकिन खबरों के अनुसार घटना के पीछे प्रेम प्रसंग और पुरानी रंजिश बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार बीए तृतीय वर्ष का छात्र अक्षय प्रधान कैंटीन में बैठा हुआ था। उसी समय एमए अर्थशास्त्र का छात्र प्रियांशु मिश्रा वहां पहुंच गया। पहले दोनों के बीच बातचीत होनी शुरू हुई। यह बातचीत बाद में मारपीट में बदल गई। लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार छात्र ने आपसी विवाद के चलते कैंटीन में महिला मित्र के साथ बैठ कर लंच कर रहे दूसरे छात्र पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में छात्र बुरी तरह से घायल हो गया। जिसके बाद उसे इलाज के लिए तत्काल बलरामपुर अस्पताल भेज दिया गया। घायल छात्र एबीवीपी का कार्यकर्ता था ऐसे में साथी कार्यकर्ता के साथ मारपीट की सूचना पर छात्र भड़क उठे। जिसके बाद छात्रों की भीड़ ने प्राक्टोरियल कार्यालय पर जमा हो गई और जमकर नारेबाजी करने लगी। प्राक्टोरियल बोर्ड ने मामले को शांत कराने के लिए आरोपी छात्र को प्राक्टर कार्यालय में बंद करवा दिया। छात्रों की भीड़ को उग्र होता देख पुलिस आरोपी छात्र को थाने ले जाने लगी। पुलिस बल के आरोपी छात्र को जीप में बैठाते कार्यकर्ता छात्रों ने आरोपी को जीप से खींचकर उसे पीटना शुरू कर दिया। इस पर किसी तरह उसे बचाकर वहां बाहर ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक बीए तीसरे वर्ष का छात्र अक्षय प्रधान अपनी महिला दोस्त के साथ किशोरी कैंटीन में बैठा हुआ था। इतने में एमए पहले वर्ष का छात्र प्रियांशु वहां पर आया और अक्षय के उपर वजनदार चीज से हमला कर दिया। जिसमें वह बुरी तरह से चोटिल हो गया। जिसके बाद साथी छात्रों उसे अस्पताल भेजा और कार्रवाई के लिए प्राक्टोरियल बोर्ड का घेराव कर दिया। साथी छात्र पर हमले पर छात्रों ने आरोपी को कैंपस से निलंबित करते हुए सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस पर प्राक्टोरियल बोर्ड पूरी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वहीं घायल छात्र की ओर से पुलिस को कार्रवाई के लिए तहरीर दी गई। जिसके आधार पर पुलिस ने मारपीट की धाराओं में आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

बड़ी कार्रवाई: बीएचयू अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों से मारपीट करने वाले 6 छात्र निलंबित, 5 दिन तक चली थी हड़ताल

बीएचयू अस्पताल में 20 सितंबर की रात जूनियर डॉक्टरों से मारपीट करने के आरोपी छह छात्रों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही एक छात्र के परिसर में प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के सर सुंदरलाल अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में जूनियर डॉक्टरों से मारपीट मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। शुक्रवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने मारपीट के आरोपी छह छात्रों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही एक छात्र के परिसर में प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर स्थायी समिति की सिफारिशों के आधार पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। बीते 20 सितंबर की रात बीएचयू अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में छात्रों ने जूनियर डॉक्टरों संग मारपीट की थी। हमले में पांच जूनियर डॉक्टर घायल हुए थे। 21 सितंबर से हड़ताल पर थे डॉक्टर- मामले को लेकर अगले दिन लंका थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया तो वहीं जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर चले गए। सुरक्षा और कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर 26 सितंबर को पांच दिन पुरानी हड़ताल खत्म हुई। शुक्रवार को कुलसचिव कार्यालय (शिक्षण) की ओर से जारी सूचना के अनुसार मारपीट के आरोपी छात्रों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए गठित स्थायी समिति की अनुशंसाओं पर विचार करते हुए कुलपति प्रो. एसके जैन ने छह विद्यार्थियों को तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय की सभी सुविधाओं से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। ये विद्यार्थी जांच पूरी होने तक विश्वविद्यालय की सभी सुविधाओं से निलंबित रहेंगे। इन छात्रों पर हुई कार्रवाई- निलंबित किए गए विद्यार्थियों में सामाजिक विज्ञान संकाय के शोध छात्र रंजीत कुमार यादव, बीए आनर्स का छात्र प्रशांत गिरी, एमए हेरिटेज मैनेजमेंट में सत्यम सिंह, डिप्लोमा इन टूरिज्म मैनेजमेंट का छात्र हर्ष प्रताप सिंह, एमए का छात्र कुलदीप तिवारी और अजय प्रताप सिंह शामिल हैं। समिति की सिफारिशों के आधार पर कुलपति के आदेश पर डिप्लोमा इन टूरिज्म मैनेजमेंट के छात्र अजीत कुमार यादव का विश्वविद्यालय में प्रवेश तत्काल प्रभाव से पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

बरेली कॉलेज की छात्रा संजना सिंह को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित, सीएम योगी आदित्यनाथ ने दी बधाई

बरेली- एमए की छात्रा संजना सिंह एनएसएस स्वयंसेविका हैं। उन्हें एनएसएस अवार्ड 2021-2022 से सम्मानित किया गया है। दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संजना को यह पुरस्कार प्रदान किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बरेली कॉलेज की छात्रा संजना सिंह को एनएसएस अवार्ड 2021-2022 से सम्मानित किया है। शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में संजना ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। एमए की छात्रा संजना सिंह एनएसएस स्वयंसेवक हैं। उन्हें यह पुरस्कार पर्यावरण, स्वच्छता, कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार, सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम समेत अन्य सामाजिक सरोकारों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला है। राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संजना सिंह को बधाई दी है। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा है कि संजना सिंह द्वारा सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं।

परिवार में खुशी का माहौल

बरेली की जन आदर्श कॉलोनी की रहने वाली संजना सिंह के परिवार में खुशी का माहौल है। परिचित और रिश्तेदार उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से बधाइयां दे रहे हैं। संजना के पिता स्वतंत्र सिंह अग्निशमन सेवा में कार्यरत हैं। छात्रा को एनएसएस अवार्ड मिलने पर रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह, कुलसचिव अजय कृष्ण, कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। छात्रा संजना सिंह का चयन सामाजिक एवं युवा गतिविधियाओं में उत्कृष्ट योगदान स्वयंसेवक श्रेणा वर्ष 2021-2022 के लिए हुआ था। इस साल उत्तर प्रदेश के दो स्वयंसेवकों को यह पुरस्कार मिला है। संजना वर्ष 2019 से लगातार एनएसएस की गतिविधियों में अग्रणी रही हैं। उन्होंने महिलाओं को स्वच्छता, सेनेटरी पैड वितरण में बेहतर कार्य किया। कोरोना काल में भी मास्क वितरण समेत अन्य जन जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

किशोरी कैंटीन बनी बवाल का अड्डा

लखनऊ विश्वविद्यालय की किशोरी कैंटीन अक्सर सुर्खियों में रहती है। आरोप है कि यहां अक्सर बाहरी छात्रों का जमावड़ा रहता है। जिस कारण अक्सर यहां पर विवाद सामने आते रहते हैं। बीते वर्ष भी यहां छात्रों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हुआ था। ऐसे में यहां निगरानी की आवश्ययकता है।छात्र के साथ मारपीट की घटना पर आरोपित छात्र के अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। बाहरी छात्रों की परिसर में उपस्थिति पहले से बंद है। विवाद का क्या कारण रहा इसकी जांच की जा रही है। प्रो. राकेश द्विवेदी प्राक्टर लविवि

यूपी: इमरान मसूद बोले- मुसलमानों के लिए कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प, पार्टी में शामिल होने के दिए संकेत

